**प्रेस नोट**

**दिनांक 01.03.2025**

**थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा त्वरित सर्च अभियान चलाकर खोये हुए 10 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद किया।**

आज दिनांक 01.03.2025 को थाना सुमेरपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई कि राजा पुत्र नंदू निवासी गजपुरवा थाना जसपुरा जनपद बांदा का 10 वर्षीय बच्चा थाना सुमेरपुर क्षेत्र में कहीं खो गया है। सूचना पर थाना सुमेरपुर पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की। पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में बच्चे की तलाश शुरू की। जिसमें भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, सुनसान इलाकों, बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाना शामिल था। स्थानीय निवासियों और आस-पास के लोगों से भी पूछताछ की गई ताकि बच्चे के बारे में कोई विशेष जानकारी मिल सके । पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच भी शुरू की, जिससे संभावित स्थानों का पता लगाया जा सके जहां बच्चा जा सकता था। पुलिस की त्वरित और सक्रिय कार्रवाई के कारण सर्च अभियान बेहद संगठित और व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ा। लगभग 02 घंटों की तलाश के बाद, पुलिस को सफलता मिली जब बच्चे को सकुशल थाना क्षेत्र से बरामद करते हुए नियमानुसार उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।